## गुरु नानक कॉलेज धनबाद की छात्रा प्रिया कुमारी का "झारखण्ड युवा सदन 2.0 में सफल प्रदर्शन.

खेल,कला,संस्कृति,युवा विभाग झारखण्ड सरकार और मिशन ब्लू फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित "झारखण्ड युवा सदन 2.0" समापन 14 मार्च को हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागाँव की विधायक अम्बा प्रसाद उपस्थित रहीं।
धनबाद जिले से चयनित सभी प्रतिभागियों को मिशन ब्लू फाउंडेशन ने मंच से मुख्य अतिथि अंबा प्रसाद के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जहां 11000 प्रतिभागियों में विधानसभा के तर्ज पर पूरे राज्य से 81 विधायक के रूप में चुने गए। जिसमें गुरु नानक कॉलेज, धनबाद की अंग्रेजी स्नातक सेमेस्टर - 5 की छात्रा प्रिया कुमारी को धनबाद विधायक बनाया गया। प्रिया कुमारी कॉलेज में पढ़ाई के साथ -साथ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की एक बेहतर स्वयंसेवक भी है।

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद की छात्रा प्रिया कुमारी ने बताया कि इस चार दिवसीय सदनात्मक कार्यशाला में विधानसभा के कार्य प्रणाली को बहुत ही बेहतरीन तरीके से बताया साथ ही साथ उन्होंने सदन में मानव तस्करी पर लाए गए बिल पर महिलाओं के सुरक्षा पर जोर देना की बात रखी। साथ ही साथ धनबाद के मूल समस्याओं जैसे - पानी ,बिजली तथा यहां के पर्यावरण से संबंधित समस्यायों पर भी अपना विचार रखी। जिंस पर पूर्व स्पीकर सह रांची विधायक श्री सी. पी. सिंह ने उनके बातो को तारीफ भी कि।

साथ ही बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद जी ने भी सदन में उपस्थित लड़कियों कि भागीदारी देख बहुत ही प्रसन्न हुई साथ ही लड़कियों को राज्य तथा देश के राजनीति में आने का संदेश दिया ताकि, देश की महिलाएं सशक्त हो और देश सुदृढ़ बने।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता, रांची विधायक सी.पी. सिंह ,रांची मेयर आशा लकड़ा, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, पद्मश्री से सम्मानित मुकुंद नायक जी, तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

छात्रा की उपरोक्त उपलब्धि पर गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के प्राचार्य प्रो पी० शेखर ने कहा कि कॉलेज में उत्कृष्ट शिक्षा के साथ साथ अन्य आवश्यक क्रिया कलापों जैसे - एन. एस. एस, एन. सी. सी. स्पोर्ट्स, एवं क्रिएटिविटी डिपार्टमेंट के द्वारा सांस्कृतिक विधाओं का बेहतर प्रशिक्षण इच्छुक विद्यार्थियों को प्रदान किया जाता है जिससे कि उनमें सर्वांगीण विकास हो और वे कल देश के लायक एवं बेहतर नागरिक बन सकें।


युवा
सदन
MISSION BLUE






46. Priya Kumari
झारखण्ड
युवा
सदन



## <u>प्रेस विज्ञप</u>

# धनबाद के प्रतिभागियों ने युवा सदन में दिखाया अपना हुनर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : खेल, कला, संस्कृति, युवा विभाग झारखण्ड सरकार और मिशन ब्लू फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित झारखण्ड युवा सदन में धनबाद के युवाओं ने अपना जोहर दिखाया। युवा सदन में मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागाँव की विधायक अम्बा प्रसाद उपस्थित रहीं। धनबाद जिले से चयनित सभी प्रतिभागियों को मिशन ब्लू फाउंडेशन ने मंच से मुख्य अतिथि के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जिसमें कतरास के सूरज साव(मंत्री सह बाघमारा विधायक) बाघमारा के सवस्तिक ग्रुप ट्रस्ट से सौरभ बर्णवाल(लातेहार विधायक) झरिया से सृष्टि सिंह(मंत्री सह झरिया विधायक),धनबाद से प्रिया कुमारी(धनबाद विधायक), आशीष सिंह (अध्यक्ष, मानवाधिकार विभाग)। प्रतिभागियों ने बताया कि यह अनुभव काफी शानदार रहा जिसमें उन्हें काफी कुछ सीखने-समझने का अवसर मिला और उन्होंने कहा कि अगले वर्ष हम फिर से आएंगे और विजेता बने इसका सफल प्रयास करेंगे।

दैनिक भास्कर

धनबाद 19-03-2021

# 'झारखंड युवा सदन 2.0' में गुरुनानक कॉलेज धनबाद की छात्रा प्रिया ने किया बेहतर प्रदर्शन




**धनबाद** | खेल, कला, संस्कृति, युवा विभाग झारखंड सरकार व मिशन ब्लू फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित "झारखंड युवा सदन 2.0" का समापन 14 मार्च को हो गया। कार्यक्रम में गुरुनानक कॉलेज धनबाद की अंग्रेजी स्नातक सेमेस्टर 5 की छात्रा प्रिया कुमारी ने बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रिया को धनबाद का विधायक बनाया गया था। प्रिया कुमारी कॉलेज में पढ़ाई के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की एक बेहतर स्वयंसेवक भी हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद उपस्थित रहीं।




धनबाद की प्रिया को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया गया सम्मानित।

# झारखंड युवा सदन में प्रिया का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**धनबाद।** खेल, कला, संस्कृति, युवा विभाग झारखंड सरकार और मिशन ब्लू फाउंडेशन की ओर से रांची में आयोजित झारखंड युवा सदन 2.0 में गुरुनानक कॉलेज धनबाद की डिग्री सेमेस्टर फाइव की छात्रा प्रिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 11 हजार प्रतिभागियों में से विधानसभा की तर्ज पर पूरे राज्य के 81 छात्र-छात्राएं विधायक के रूप में चुने गए। प्रिया को धनबाद विधायक बनाया गया। प्रिया ने बताया कि चार दिवसीय सदनात्मक कार्यशाला में विधानसभा की कार्यप्रणाली को बेहतर ढंग से बताया गया।

हिन्दुस्तान - 19/3/2021